दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 02 / 2025


प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट


---

01. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में पन्द्रह लोगों की मौत। कई घायल। प्रधानमंत्री ने कहा– सभी घायलों की मदद की जा रही है।

02. रेलवे ने – मृतकों के निकटतम आश्रितों को दस–दस लाख रूपये और घायलों को ढ़ाई–ढ़ाई लाख रूपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर गहरा शोक जताया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के क्रम में आज भोजपुर जायेंगे। चार सौ छह करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।

———————————————————

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भगदड़ में पन्द्रह लोगों की मौत हो गयी जबकि कई लोग घायल है। घटना पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की अचानक भीड़ के कारण यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं और अब स्थिति नियंत्रण में है। श्री वैष्णव ने कहा कि भीड़ को हटाने के लिए प्रयागराज के महाकुंभ के लिए तुरंत चार विशेष ट्रेनें चलाई गईं और स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की पुष्टि की। भीड़ को नियंत्रित करने और राहत उपायों को नियंत्रित करने में सहायता के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम भी तैनात की गई है। श्री वैष्णव ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी टीम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों की सहायता के लिए काम कर रही है।

———————————————————

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में बताया कि मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की गयी है।

———बाईट———

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना पर एक ट्वीट में कहा है कि भगदड़ में लोगों के हताहत होने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूँ। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया। श्री मोदी ने कहा कि वह भगदड़ से व्यथित हैं और उनकी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। श्री मोदी ने कहा कि अधिकारी इस भगदड़ से प्रभावित सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्होंने दुर्घटना के संबंध में रेल मंत्री, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और अन्य संबंधित अधिकारियों से बात की है। श्री शाह ने कहा कि सभी को हर संभव मदद मुहैया कराने के निर्देश दिये गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भोजपुर जिले में चार सौ छह करोड़ रूपये से अधिक की तीन सौ सात विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

———बाईट———

मुख्यमंत्री जगदीशपुर और आरा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान जिले को कुल 406.56 करोड़ की लागत की 307 योजनाओं की सौगात देंगे। इन 307 योजनाओं में 165.84 करोड़ रुपए लागत की कुल 145 ऐसी योजनाएं हैं जिनका उद्‌घाटन होगा, जबकि 240.72 करोड़ रुपए की लागत से पूरी होने वाली 162 जनोपयोगी योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए भोजपुर से मुकेश कुमार सिन्हा।

———————————————————————

महात्मा गांधी सेतु के समानांतर बन रहा फोरलेन पुल दो साल बाद मार्च दो हजार सत्ताईस में तैयार होगा। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पुल निर्माण के निरीक्षण के बाद कहा कि इस पुल का निर्माण मई दो हजार इक्कीस में प्रारंभ हुआ है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अन्तर्गत इसका निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजधानी पटना के अशोक राजपथ पर करगिल चौक से साइंस कॉलेज तक डबल डेकर पथ का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके निर्माण पर चार सौ बाईस करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा कल से शुरू हो रही है। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा के लिए

प्रदेशभर में एक हजार छह सौ सतहत्तर परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षा में पन्द्रह लाख पचासी हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। जिनमें आठ लाख अठारह हजार छात्राएं हैं। श्री किशोर ने बताया कि पच्चीस फरवरी तक चलने वाली परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जायेगा। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से तीस मिनट पहले तक परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। श्री किशोर ने कहा कि परीक्षा केन्द्र का गेट बंद होने के बाद दीवार फांदकर प्रवेश करना आपराधिक कृत्य माना जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के आस–पास धारा एक सौ चौवालीस लागू रहेगी। इधर, बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा को लेकर पटना में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

———————————————————

टीकाकरण के मामले में बिहार पिछले कुछ महीने से देश में नंबर वन पर है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि आगे भी राज्य को टीकाकरण में नंबर वन स्थान पर बनाये रखना है। उन्होंने सभी सिविल सर्जनों को निर्देश देते हुये कहा कि किसी भी जिले में मार्च दो हजार पच्चीस तक पंचानवे प्रतिशत से कम टीकाकरण नहीं होना चाहिए। मंत्री ने सिविल सर्जनों से कहा कि जिन जगहों पर टीकाकरण कम हो रहे हैं, उनको चिह्नित कर टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि राज्य में संविदा पर नियुक्ति स्वास्थ्य कर्मियों का स्थायीकरण किया जायेगा। साथ ही पब्लिक हैथ मैनेजमेंट कैडर भी लागू होगा।

———————————————————

केन्द्र सरकार के वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्रस्तुत की गयी केन्द्रीय बजट पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के परिसर में कल एक बजट संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का उद्‌घाटन केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

———————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से

———म्यूजिक———

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर महाकुंभ में आज प्रकृति और पक्षी महोत्सव का उद्‌घाटन किया जाएगा हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारतीय सिमर

को महोत्सव के शुभंकर के रूप में चुना गया है और यह आस्था संरक्षण के संगम का प्रतीक है। एक रिपोर्ट।

———रिपोर्ट———

————————————————————————

प्रयागराज में महाकुंभ के त्रिवेणी संगम पर एक करोड़ इक्कीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। इस भव्य उत्सव में प्रतिदिन दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक इक्यावन करोड़ इकतीस लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं जिनमें कई प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि आज से राज्य के न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड में कमी आयेगी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर जिले का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————————

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और बोधगया मैराथन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज सुबह बोधगया मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में मंगोलिया के राजदूत गणबोल्ड दंब जाव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मैराथन में तीन सौ से अधिक विदेशी और गया स्थित ऑफ़िसर्स ट्रेनिंग अकादमी के लगभग तीन सौ अधिकारी और कैडेट भी शामिल हुए।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने पटना के बिहटा में नये एयरपोर्ट के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण पर लगभग चार सौ साठ करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एएआई ने बताया कि एयरपोर्ट का निर्माण रूस की एक कम्पनी करेगी।

————————————————————————

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चल रही राष्ट्रीय सब जूनियर अंडर फिफ्टीन रग्बी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाईनल में आज बिहार का मुकाबला उत्तराखंड से होगा। इसके

पहले बिहार के खिलाड़ियों ने प्री–क्वार्टर फाईनल में आन्ध्र प्रदेश को शून्य के मुकाबले इक्यावन अंकों से पराजित किया है।

————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की पटना स्थित विशेष अदालत ने बीएसएनएल के साथ धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति को दो वर्ष की कठोर कारावास और साठ हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के फूलवरिया चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–इकतीस पर सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की मौत हो गयी।

————————————————————

कैमूर जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशहरिया गांव के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़, पन्द्रह की मौत। महाकुम्भ जाने के लिए जुटी थी भारी भीड़।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– राजभवन ने मेट्रो के स्टेशन निर्माण के लिए जमीन देने से किया इन्कार।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– मनरेगा में फर्जी अटेंडेंस, किराए पर खाते लेकर रोज छह करोड़ रूपये का घोटाला। भोजपुर में एक ही फोटो पर छह दिन दस लोगों की साठ हाजिरी बनी।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य में वर्ष दो हजार बीस से अब तक लापता चौबीस हजार बच्चों में से ग्यारह हजार चार सौ ही मिले। देशभर में लापता छत्तीस हजार बच्चों का अब भी पता नहीं।

आज अखबार की सुर्खी है– राजस्थान के कोटा में फर्टिलाइजर फैक्ट्री से अमोनिया गैस का हुआ रिसाव, पन्द्रह स्कूल बच्चे बोहोश।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में पन्द्रह लोगों की मौत। कई घायल। प्रधानमंत्री ने कहा– सभी घायलों की मदद की जा रही है।

02. रेलवे ने – मृतकों के निकटतम आश्रितों को दस–दस लाख रूपये और घायलों को ढ़ाई–ढ़ाई लाख रूपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर गहरा शोक जताया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के क्रम में आज भोजपुर जायेंगे। चार सौ छह करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।